रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 892] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 13, 2018/अग्रहायण 22, 1940
No. 892] NEW DELHI THURSDAY, DECEMBER 13, 2018/AGRAHAYANA 22, 1940

indiacode

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

(कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर, 2018

सा.का.नि. 1204(अ).—कीटनाशी नियम, 1971 का और संशोधन करने के लिए प्रारूप नियम, कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 की अपेक्षानुसार, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (i) में, भारत सरकार के कृषि ओर किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग) की अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि. 724(अ), तारीख 31 जुलाई, 2018 द्वारा ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना में भारत के राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, तीस दिनों की अवधि की समाप्ति के पहले आक्षेप या सुझाव आमंत्रित करने के लिए, प्रकाशित किया गया था ;

और उक्त राजपत्र अधिसूचना की प्रतियां, 31 जुलाई, 2018 को जनता को उपलब्ध करा दिए गए थे ;

और उक्त अधिसूचना में निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्ररूप नियमों के संबंध में जनता से प्राप्त आक्षेप या सुझाव पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार कर लिया गया है ;

अत:, अब, केंद्रीय सरकार, कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कीटनाशी नियम, 1971 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :--

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कीटनाशी (द्वितीय संशोधन) नियम, 2018 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. कीटनाशी नियम, 1971 में "दूसरी अनुसूची" के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची रखी जाएगी, अर्थात् :--

"दूसरी अनुसूची"

(नियम 25 देखें)

"कीटनाशियों या जैव कीटनाशकों के नमूनों के परीक्षण या विश्लेषण के लिए फीस

1. कीटनाशकों के नमूने के लिए निम्नलिखित विश्लेषणात्मक तकनीकों द्वारा परीक्षण फीस, जिसका सक्रिय घटक ज्ञात है।

(I) गैस वर्णलेखन	- रु. 6500/नमूना
(II) उच्च प्रदर्शन तरल वर्णलेखन	- रु. 7500/नमूना
(III) यूवी-दृश्य स्पेक्ट्रोफोटोमीटर	- रु. 5500/नमूना
(IV) फूरियर ट्रांसफार्म अवरक्त स्पेक्ट्रोफोटोमीटर	- रु. 6000/नमूना
(V) टाइट्रीमेट्रीक	- रु. 4000/नमूना

2. जैव-कीटनाशक के नमूने के लिए परीक्षण फीस, जिसका सक्रिय घटक ज्ञात है। - रु. 4000/नमूना

3. जैव-उतपाद नमूने से नीचे उल्लिखित जैव-उत्पत्ति के रजिस्ट्रीकृत जैव-कीटनाशक की उपस्थिति का परीक्षण करने के लिए परीक्षण शुल्क, जिसका सक्रिय घटक ज्ञात नहीं है।

(I) केवल नाभिकीय पालिहाइड्रोसिस विषाणु या ग्रैनुलोसिस विषाणु	- रु. 2000/नमूना
(II) केवल जीवाणु	- रु. 2000/नमूना
(III) केवल कवक	- रु. 2000/नमूना
(IV) (I), (II) और (III) के लिए	- रु. 6000/नमूना

4. कीटनाशी या जैव-कीटनाशकों के नमूनों के विश्लेषण के लिए परीक्षण फीस, जिसके सक्रिय घटक ज्ञात नहीं है।

(I) तरल क्रोमैटोग्राफ- मास स्पेक्ट्रोमीटर	- रु. 15,500/नमूना
(II) गैस क्रोमैटोग्राफ- मास स्पेक्ट्रोमीटर	- रु. 10,500/नमूना

5. इस अनुसूची में विनिर्दिष्ट से भिन्न कीटनाशियों या जैव-कीटनाशकों या कोई विनिर्मिति की बाबत परीक्षण या विश्लेषण के लिए फीस केंद्रीय सरकार या समय-समय पर इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा"।

[फा.सं. 17-6/2006-पीपी-I]
डा. बी.राजेन्दर, संयुक्त सचिव

टिप्पण: मूल नियम, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (i) में संख्यांक सा.का.नि. 1650(अ), तारीख 19 अक्तूबर, 1971 द्वारा प्रकाशित किए गए थे और तत्पश्चात् निम्नलिखित द्वारा संशोधित किए गए थे—

1. सा.का.नि. 474(अ), तारीख 24 जुलाई, 1976,
2. सा.का.नि. 736(अ), तारीख 9 दिसम्बर, 1977,
3. सा.का.नि. 1064(अ), तारीख 7 नवम्बर, 1988,
4. सा.का.नि. 533(अ), तारीख 6 अगस्त, 1993,
5. सा.का.नि. 371(अ), तारीख 20 मई, 1999,
6. सा.का.नि. 372(अ), तारीख 20 मई, 1999,

IndiaCode

7. सा.का.नि. 586(अ), तारीख 12 अगस्त, 1999,

8. सा.का.नि. 548(अ), तारीख 12 सितम्बर, 2006,

9. सा.का.नि. 692(अ), तारीख 7 नवम्बर, 2006,

10. सा.का.नि. 128(अ), तारीख 26 फरवरी, 2006,

11. सा.का.नि. 174(अ), तारीख 5 मार्च, 2010,

12. सा.का.नि. 474(अ), तारीख 11 जुलाई, 2013,

13. सा.का.नि. 797(अ), तारीख 13 नवम्बर, 2014,

14. सा.का.नि. 840(अ), तारीख 5 नवम्बर,2015,

15. सा.का.नि. 164(अ), तारीख 15 फरवरी, 2016,

16. सा.का.नि. 794(अ), तारीख 12 अगस्त, 2016,

17. सा.का.नि. 79(अ), तारीख 27 जनवरी, 2017,

18. सा.का.नि. 106(अ), तारीख 1 फरवरी, 2017,

19. सा.का.नि. 1229(अ), तारीख 4 अक्तूबर, 2017 ,

20. सा.का.नि. 1588(अ), तारीख 22 दिसम्बर, 2017, और

21. सा.का.नि. 399(अ), तारीख 20 अप्रैल, 2018 ।

IndiaCode

MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE
(Department of Agriculture, Co-operation and Farmers Welfare)

NOTIFICATION

New Delhi, the 5th December, 2018

G.S.R. 1204(E).—Whereas the draft rules further to amend the Insecticides Rules, 1971, was published as required by section 36 of the Insecticides Act, 1968 (46 of 1968) vide notification of the Government of India in the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare (Department of Agriculture, Co-operation and Farmers Welfare) number G.S.R. 724 (E), dated the 31st July, 2018, in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-3, Sub-section (i), inviting objections or suggestions from all persons likely to be affected thereby, before the expiry of a period of thirty days from the date on which the copies of the Gazette of India in which the said notification was published were made available to the public;

And whereas, copies of the said Gazette notification were made available to the public on 31st July, 2018;

And whereas, the objection or suggestion received from the public in respect of the draft rules within the period specified in the said notification have been considered by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 36 of the Insecticides Act, 1968 (46 of 1968), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Insecticides Rules, 1971, namely :-

1. (1) These rules may be called the Insecticides (Second Amendment) Rules, 2018.
(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Insecticide Rules, 1971, for the "THE SECOND SCHEDULE'', the following Schedule shall be substituted, namely:-

"SECOND SCHEDULE"

(See rules 25)

" FEES FOR TESTING OR ANALYSING THE SAMPLES OF INSECTICIDES OR BIOPESTICIDE

1. Testing fees by following analytical techniques for samples of Insecticides whose active ingredient is known.

(I)	Gas chromatograph	-Rs. 6500/ sample
(II)	High performance liquid chromatograph	-Rs.7500/sample
(III)	UV-visible Spectrophotometer	-Rs. 5500/sample
(IV)	Fourier Transform Infra – Red Spectrometer	-Rs. 6000/sample
(V)	Titrimetric	-Rs. 4000/sample.

2. Testing fees for sample of bio-pesticide whose active ingredient is known-Rs. 4000/sample.

3. Testing fees to test presence of registered bio-pesticide of below mentioned Bio-origin from bio-product sample whose active ingredient is not known.

(I)	Nuclear Polyhedrosis Virus or Granulosis virus only	-Rs. 2000/sample
(II)	Bacteria only	-Rs. 2000/sample
(III)	Fungi only	-Rs. 2000/sample
(IV)	For (I), (II) & (III)	-Rs. 6000/sample

4. Testing fees for analysis of samples of insecticide or bio-pesticides whose active ingredients is not known.

(I)	Liquid Chromatograph – Mass Spectrometer	-Rs. 15,500 /sample
(II)	Gas Chromatograph – Mass Spectrometer	-Rs. 10,500 /sample

5. The fees for test or analysis in respect of insecticide or bio-pesticide or any formulation other than the ones specified in this Schedule shall be specified by the central Government or by any other officer authorized in this behalf from time to time''.

[F. No. 17-6/2006-PP-I]
Dr. B. RAJENDER, Jt. Secy.

Note: The principal rules were published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, sub-section (i) number G.S.R. 1650 (E), dated the 19th October, 1971 and subsequently amended *vide*:-

1. G.S.R. 474(E), dated 24th July, 1976,
2. G.S.R. 736(E), dated 9th December, 1977,
3. G.S.R. 1064(E), dated 7th November, 1988,
4. G.S.R. 533(E), dated 6th August, 1993,
5. G.S.R. 371(E), dated 20th May, 1999,
6. G.S.R. 372(E), dated 20th May, 1999,
7. G.S.R. 586 (E), dated 12th August, 1999
8. G.S.R. 548(E), dated 12th September, 2006,
9. G.S.R. 692(E), dated 7th November, 2006,
10. G.S.R. 128(E), dated 26th February, 2009,
11. G.S.R. 174(E), dated 5th March, 2010,
12. G.S.R. 474(E), dated 11th July, 2013,
13. G.S.R. 797(E), dated 13th November, 2014,
14. G.S.R. 840(E), dated 5th November, 2015,
15. G.S.R. 164(E), dated 15th February, 2016
16. G.S.R. 794 (E), dated 12th August, 2016,
17. G.S.R.79(E), dated 27th January, 2017,
18. G.S.R. 106(E), dated 1st February, 2017
19. G.S.R. 1229(E), dated 4th October, 2017,
20. G.S.R. 1588(E), dated 22nd December, 2017; and
21. G.S.R. 399(E), dated 20th April, 2018.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2018.12.18 12:18:50 +05'30'